# सूर्य चालीसा in Hindi

॥ दोहा ॥
कनक बदन कुण्डल मकर, मुक्ता माला अङ्ग,
पद्मासन स्थित ध्याइए, शंख चक्र के सङ्ग॥

॥ चौपाई ॥
जय सविता जय जयति दिवाकर,
सहस्त्रांशु सप्ताश्व तिमिरहर॥

भानु पतंग मरीची भास्कर,
सविता हंस सुनूर विभाकर॥

विवस्वान आदित्य विकर्तन,
मार्तण्ड हरिरूप विरोचन॥

अम्बरमणि खग रवि कहलाते,
वेद हिरण्यगर्भ कह गाते॥ **4**

सहस्त्रांशु प्रद्योतन, कहिकहि,
मुनिगन होत प्रसन्न मोदलहि॥

अरुण सदृश सारथी मनोहर,
हांकत हय साता चढ़ि रथ पर॥

मंडल की महिमा अति न्यारी,
तेज रूप केरी बलिहारी॥

उच्चैःश्रवा सदृश हय जोते,
देखि पुरन्दर लज्जित होते॥**8**

मित्र मरीचि, भानु, अरुण, भास्कर,
सविता सूर्य अर्क खग कलिकर॥

पूषा रवि आदित्य नाम लै,
हिरण्यगर्भाय नमः कहिकै॥

द्वादस नाम प्रेम सों गावैं,
मस्तक बारह बार नवावैं॥

चार पदारथ जन सो पावै,
दुःख दारिद्र अघ पुंज नसावै॥**12**

नमस्कार को चमत्कार यह,
विधि हरिहर को कृपासार यह॥

सेवै भानु तुमहिं मन लाई,
अष्टसिद्धि नवनिधि तेहिं पाई॥

बारह नाम उच्चारन करते,
सहस जनम के पातक टरते॥

उपाख्यान जो करते तवजन,
रिपु सों जमलहते सोतेहि छन॥**16**

धन सुत जुत परिवार बढ़तु है,
प्रबल मोह को फंद कटतु है॥

अर्क शीश को रक्षा करते,
रवि ललाट पर नित्य बिहरते॥

सूर्य नेत्र पर नित्य विराजत,
कर्ण देस पर दिनकर छाजत॥

भानु नासिका वासकरहुनित,
भास्कर करत सदा मुखको हित॥**20**

ओंठ रहैं पर्जन्य हमारे,

रसना बीच तीक्ष्ण बस प्यारे॥

कंठ सुवर्ण रेत की शोभा,
तिग्म तेजसः कांधे लोभा॥

पूषां बाहू मित्र पीठहिं पर,
त्वष्टा वरुण रहत सुउष्णकर॥

युगल हाथ पर रक्षा कारन,
भानुमान उरसर्म सुउदरचन॥**24**

बसत नाभि आदित्य मनोहर,
कटिमंह, रहत मन मुदभर॥

जंघा गोपति सविता बासा,
गुप्त दिवाकर करत हुलासा॥

विवस्वान पद की रखवारी,
बाहर बसते नित तम हारी॥

सहस्त्रांशु सर्वांग सम्हारै,
रक्षा कवच विचित्र विचारे॥**28**

अस जोजन अपने मन माहीं,
भय जगबीच करहुं तेहि नाहीं ॥

दद्रु कुष्ठ तेहिं कबहु न व्यापै,
जोजन याको मन मंह जापै॥

अंधकार जग का जो हरता,
नव प्रकाश से आनन्द भरता॥

ग्रह गन ग्रसि न मिटावत जाही,
कोटि बार मैं प्रनवौं ताही॥**32**

मंद सदृश सुत जग में जाके,
धर्मराज सम अद्भुत बांके॥

धन्य-धन्य तुम दिनमनि देवा,
किया करत सुरमुनि नर सेवा॥

भक्ति भावयुत पूर्ण नियम सों,
दूर हटतसो भवके भ्रम सों॥

परम धन्य सों नर तनधारी,
हैं प्रसन्न जेहि पर तम हारी॥**36**

अरुण माघ महं सूर्य फाल्गुन,
मधु वेदांग नाम रवि उदयन॥

भानु उदय बैसाख गिनावै,
ज्येष्ठ इन्द्र आषाढ़ रवि गावै॥

यम भादों आश्विन हिमरेता,
कातिक होत दिवाकर नेता॥

अगहन भिन्न विष्णु हैं पूसहिं,
पुरुष नाम रविहैं मलमासहिं॥**40**

॥ दोहा ॥
भानु चालीसा प्रेम युत, गावहिं जे नर नित्य,
सुख सम्पत्ति लहि बिबिध, होंहिं सदा कृतकृत्य॥

## Surya Chalisa in English

**Dohā**
**Kanak badan kundal makar, muktā mālā ang,**
**Padmāsan sthit dhyāie, shankh chakra ke sang.**

**Chaupāī**
**Jay savitā jay jayati divākar,**
**Sahasrānshu saptāshwa timirahar.**

**Bhānu patang marīchi bhāsakar,**
**Savitā hans sunūr vibhākar.**

**Vivasvān āditya vikartan,**
**Mārtanda harirūp virochan.**

**Ambaramani khag ravi kahalāte,**
**Ved hiraṇyagarbha kah gāte.**

**Sahasrānshu pradyotan, kahikahi,**
**Munigan hot prasann modalahi.**

**Arun sadrish sārathi manohar,**
**Hāṅkat hay sātā chaṛhi rath par.**

**Maṇḍal kī mahimā ati nyārī,**
**Tej rūp kerī balihārī.**

**Ucchaiḥśravā sadrish hay jote,**
**Dekhi purandar lajjit hote.**

**Mitra marīchi, bhānu, arun, bhāsakar,**
**Savitā sūrya ark khag kalikar.**

**Pūṣā ravi āditya nām lai,**
**Hiraṇyagarbhāya namah kahikai.**

**Dwādash nām prem son gāvain,**
**Mastak bārah bār navāvain.**

**Chār padārath jan so pāvai,**
**Dukh dāridr agh punj nasāvai.**

**Namaskār ko chamatkār yah,**
**Vidhi harihar ko kṛpāsār yah.**

**Sevai bhānu tumahi man lāī,**
**Ashtasiddhi navanidhi tehin pāī.**

**Bārah nām uchchāran karte,**
**Sahas janam ke pātak tarte.**

**Upākhyān jo karte tavajan,**
**Ripu son jamlahate sotehi chan.**

**Dhan sut jut parivār baṛhatu hai,**
**Prabal moh ko phand kaṭatu hai.**

**Ark śīsh ko rakshā karte,**
**Ravi lalāṭ par nitya biharate.**

**Sūrya netra par nitya virājat,**
**Karn des par dinkar chhājat.**

**Bhānu nāsikā vāskarahunīt,**
**Bhāskar karat sadā mukhko hit.**

**Oṅṭh rahain parjanya hamāre,**
**Rasnā bīch tīkshṇ bas pyāre.**

**Kaṇṭh suvarṇa ret kī shobhā,**
**Tigm tejasaḥ kāndhe lobhā.**

**Pūṣāṁ bāhū mitra pīṭhahim par,**
**Tvashtā varuṇ rahat suūṣhṇakar.**

**Yugal hāth par rakshā kāran,**
**Bhānumān urasarm suūdarachan.**

**Basat nābhi āditya manohar,**
**Katimanḥ, rahat man mudbhar.**

**Jaṅghā gopati savitā bāsā,**
**Gupt divākar karat hulāsā.**

**Vivasvān pad kī rakhwārī,**
**Bāhar basate nit tam hārī.**

**Sahasrānshu sarvāṅg saṁhārai,**
**Rakshā kavach vichitra vichāre.**

**As jo jan apne man māhīṁ,**
**Bhay jagbīch karahuṁ tehi nāhīṁ.**

**Dadrū kuṣṭh tehiṁ kabhu na vyāpai,**
**Jo jan yāko man mahṁ jāpai.**

**Andhakār jag kā jo hartā,**
**Nav prakāsh se ānand bhartā.**

**Grah gan grasi na miṭāwat jāhī,**
**Koṭi bār maiṁ pranavauṁ tāhī.**

**Mand sadrish sut jag meṁ jāke,**
**Dharmarāj sam adbhut bāṁke.**

**Dhanya-dhanya tum dinmani devā,**
**Kiyā karat surmuni nar sevā.**

**Bhakti bhāvayut pūrṇ niyam son,**
**Dūr haṭat so bhav ke bhram son.**

**Param dhanya so nar tandhārī,**
**Haiṁ prasann jehi par tam hārī.**

**Arun māgh mahṁ sūry phālguni,**
**Madhu vedāṅg nām ravi udayan.**

**Bhānu uday vaisākh gināvai,**
**Jyeshṭh indra āṣāṛh ravi gāvai.**

**Yam bhādon āśhwin himaretā,**
**Kātik hot divākar netā.**

**Aghan bhinn viṣṇu haiṁ pūsahin,**
**Purush nām ravi haiṁ malmāsahin.**

**Dohā**
**Bhānu chālīsā prem yut, gāvahiṁ je nar nitya,**
**Sukh sampatti lahi bibidh, hohiṁ sadā kṛtakṛitya.**